**सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–16.06.2026 को अपराह्न 01:00 बजे से सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ VC के माध्यम से सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

**उपस्थितिः– VC के माध्यम से।**

सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना द्वारा VC के माध्यम से उपस्थित सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

1. **Inter State Transit Pass (ISTP) की समीक्षाः–**

सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि ISTP से संबंधित वाहनों की व्यापक पैमाने पर जॉच करें, जिससे राज्य सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व में आशातीत वृद्धि हो सके।

(अनुपालन :–सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

2. **सहयोग शिविर में प्राप्त होने वाले शिकायतों की समीक्षाः–**

सहयोग शिविर में जिला खनन कार्यालय, गया के 12, मधुबनी के 04 एवं औरंगाबाद के 03 अवेदन लंबित पाये गये। लंबित आवेदनों का निष्पादन यथाशीघ्र करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :–सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

3. **अन्य बिन्दुः–**

- ISTP से संबंधित अंतर्राज्यीय एवं खनन की दृष्टि से महत्वपूर्ण जिले जहाँ बहुत अधिक मात्रा में खनिज लदे वाहनों का परिचालन होता है, को चिन्हित कर Gantry लगाया जाना है। ऐसे प्रत्येक जिला में अधिकतम 03 स्थलों की पहचान कर पूर्ण विवरण के साथ इसकी सूची 02 दिनों के अंदर विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया।

- ईंट–भट्ठों के लिए बकाया राशि की वसूली हेतु दायर निलाम पत्र वाद में सन्निहित राशि की विवरणी विभाग द्वारा प्रेषित निर्धारित प्रपत्र में दो दिनों के अंदर विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :–सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

**अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

ह0/–
**(अवनीश कुमार सिंह)**
**सचिव**

3855............/एम0, पटना, दिनांक :– 17/06/25

प्रतिलिपि :– सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/अपर सचिव कोषांग/सभी सहायक निदेशक/ सभी खनिज विकास पदाधिकारी (मु0/क्षे0)/आई0टी0 प्रबंधक खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/06/25

सरकार के अपर सचिव